CS (Main) Exam,2019

**वियोज्य DETACHABLE**

# इतिहास (प्रश्न-पत्र I)

# HISTORY (Paper I)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** मे विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पांच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Questions No. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. आपको दिए गए मानचित्र पर अंकित निम्नलिखित स्थानों की पहचान कीजिए एवं अपनी प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में उनमें से प्रत्येक पर लगभग **30** शब्दों की संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। मानचित्र पर अंकित प्रत्येक स्थान के लिए स्थान-निर्धारण संकेत क्रमानुसार दिए गए हैं।

Identify the following places marked on the map supplied to you and write a short note of about **30** words on each of them in your Question-cum-Answer Booklet. Locational hints for each of the places marked on the map are given below seriatim. 50

(i) ईंट-निर्मित मन्दिर स्थल
Brick temple site

(ii) आरम्भिक हड़प्पाकालीन स्थल
Early Harappan site

(iii) प्राचीन बन्दरगाह एवं व्यापार केन्द्र
Ancient seaport and trade centre

(iv) पाषाण-कालीन स्थल
Stone age site

(v) नवपाषाण-कालीन स्थल
Neolithic site

(vi) पुरातात्विक स्थल
Archaeological site

(vii) प्राचीन राजधानी नगर
Ancient capital city

(viii) प्राचीन राजधानी
Ancient capital

(ix) हड़प्पा-कालीन स्थल
Harappan site

(x) प्राचीन अभिलेख स्थल
Ancient inscriptions site

(xi) एक शैल-खणित गुहा स्थल
A Rock-cut cave site

(xii) प्राचीन राजधानी नगर
Ancient capital city

(xiii) प्रसिद्ध मन्दिर स्थल
Famous temple site

(xiv) कला-शैली केन्द्र
Centre of School of art

(xv) प्राचीन अभिलेखीय स्थल
Ancient inscriptional site

(xvi) प्राचीन शिक्षा केन्द्र
Ancient education centre

(xvii) प्राक्-हड़प्पाकालीन स्थल
Pre-Harappan site


(xviii) ताम्रपाषाणयुगीन स्थल
Chalcolithic period site

(xix) आद्यअभिलेखीय स्थल
Early inscriptional site

(xx) प्राचीन शैलोत्कीर्ण स्थल
Ancient petroglyphs site

**INDIA**
WITH AFGHĀNISTĀN, BĀNGLĀDESH, BHUTĀN,
NEPĀL, MYANMAR (BURMA), PĀKISTĀN AND SRI LANKA

**DO NOT** Write your Roll No. on this sheet.




REG. No. – 33 WPG E'04-5000'04.

PRINTED AT WESTERN PRINTING GROUP OF SURVEY OF INDIA.

The territorial waters of India extend into the sea to a distance of twelve nautical miles measured from the appropriate base line.

**2. (a)** क्या आप इस मत से सहमत हैं कि पुरातात्विक साक्ष्य प्राय: साहित्यिक स्रोतों को बेहतर समझने में सहायता करते हैं ? टिप्पणी कीजिए ।

Do you agree that archaeological evidence often helps in the better understanding of literary sources ? Comment. 15

**2. (b)** शुंग काल दौरान कला एवं वास्तु का विकास इस धारणा को मिथ्या सिद्ध करता है कि वे बौद्ध-विरोधी थे । विवेचना कीजिए ।

The development of art and architecture during the Sunga period belies the belief that they were anti-Buddhist. Discuss. 15

**2. (c)** क्या कृषि-प्रवीणता ने हड़प्पा-कालीन क़स्बों एवं नगरों के उत्थान में उत्तोलन का कार्य किया ? विवेचना कीजिए ।

Did the mastery over agriculture act as a leverage for the rise of Harappan towns and cities ? Discuss. 20

**3. (a)** कुषाण-कालीन समृद्ध अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार ने कला के विकास को अत्यधिक प्रोत्साहन दिया । विवेचना कीजिए ।

The flourishing international trade during the Kushana period gave tremendous impetus to the development of art. Discuss. 15

**3. (b)** परीक्षण कीजिए कि ऋग्वैदिक से उत्तर-वैदिक काल तक वर्ण व्यवस्था के रूपान्तरण ने स्त्रियों की स्थिति को किस प्रकार प्रभावित किया ।

Examine how the transformation of the Varna system from the Rigvedic to the Later-Vedic period affected the position of women. 15

**3. (c)** हड़प्पा संस्कृति के लिए कोई साहित्यिक स्रोत नहीं हैं एवं वैदिक काल के लिए कोई पुरातात्विक साक्ष्य नहीं हैं । इस तथ्य की व्याख्या कीजिए ।

There are no literary sources for the Harappan culture and no archaeological evidence for the Vedic period. Explain the phenomenon. 20

**4. (a)** व्याख्या कीजिए कि अशोक ने किस प्रकार धर्म का प्रयोग राजनीतिक अभ्युदय के उपकरण के रूप में किया ?

Explain how Ashoka used religion as a tool of political aggrandizement ? 15

4.(b) क्या आप इस से सहमत हैं कि गुप्त-वाकाटक काल से भूमि अनुदान प्रणाली किसी भी प्रकार राज्य विकेन्द्रीकरण से सम्बन्धित थी ?

Do you agree that the system of land grants from the Gupta-Vakataka period was connected with the decentralisation of state in any way? 20

4.(c) हिप्पालस द्वारा मॉनसून की खोज ने भारतीय-रोमन व्यापार को सातवाहन काल में एक नई दिशा प्रदान की। टिप्पणी कीजिए।

The discovery of monsoons by Hippalus gave a new direction to Indo-Roman trade during the Satavahana period. Comment. 15

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each :

5.(a) समीक्षा कीजिए कि विजयनगर साम्राज्य दक्षिण का सांस्कृतिक केन्द्र किस प्रकार बना ?

Discuss how Vijayanagar empire became the cultural capital of the south? 10

5.(b) मुग़ल-कालीन भारत में संस्कृत की स्थिति का परीक्षण कीजिए।

Examine the status of Sanskrit in Mughal India. 10

5.(c) कश्मीर में ज़ाइन-उल्-अबिदीन के शासन का आकलन कीजिए।

Assess the rule of Zainul Abedin in Kashmir. 10

5.(d) अला-उद्-दीन खलजी के आर्थिक उपाय अधिकतम राजनीतिक नियन्त्रण के दृष्टिगत बनाए गए थे। विवेचना कीजिए।

The economic measures of Alauddin Khalji were aimed at greater political control. Discuss. 10

5.(e) मुग़ल चित्रकला पर यूरोपीय प्रभाव का परीक्षण कीजिए।

Examine the European impact on Mughal paintings. 10

6. (a) इस कथन का आकलन कीजिए कि 'शंकराचार्य के दर्शन ने भारत के धार्मिक विचारों में क्रांति ला दी'।

Assess the statement that 'the philosophy of Shankaracharya revolutionised religious thoughts in India'. 20

6. (b) सल्तनत काल में कृषि की अवस्था का चित्रण कीजिए।

Delineate the state of agriculture during the Sultanate period. 15

6. (c) सूफ़ी एवं भक्ति विचारों ने समय के उतार-चढ़ावों के मध्य भारतीय मानस को उदात्तता प्रदान की। स्पष्ट कीजिए।

Sufi and Bhakti thoughts ennobled Indian psyche amidst the vagaries of time. Elucidate. 15

7. (a) मुग़लकाल में आरम्भिक पूँजीवाद का उद्भव मुख्यतः नगरीकरण एवं वाणिज्यीकरण के कारण हुआ। टिप्पणी कीजिए।

The emergence of early capitalism in the Mughal period was primarily due to urbanisation and commercialisation. Comment. 20

7. (b) आन्तरिक कलह एवं संघर्ष में लिप्त व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा वाले भारत पर आक्रमण करना ग़ौरी को पर्याप्त निमंत्रण था। विवेचना कीजिए।

Internal strife and conflict beset with personal ambitions was enough of an invitation for the Ghurids to invade India. Discuss. 15

7. (c) मुग़लों ने दानवों की तरह निर्माण किया तथा जौहरियों की तरह अलंकृत किया। टिप्पणी कीजिए।

The Mughals built like Titans and embellished like jewellers. Comment. 15

8. (a) समालोचनात्मक विश्लेषण कीजिए कि क्या मुग़लों की सफलता का श्रेय उनकी सक्षम जागीरदारी तथा मनसबदारी प्रथा के कारण था ?

Critically analyse whether the success of the Mughals is to be credited to their robust Jagirdari and Mansabdari system. 15

8. (b) जितने दरबारी षड़यंत्र उतनी ही प्रान्तीय शक्तियों की अवमानना ने 18वीं शताब्दी में मुग़लों के पतन को शीघ्रता प्रदान की । टिप्पणी कीजिए ।

It was as much the court intrigues as also the defiance of the provincial powers that hastened the decline of the Mughals in the 18th century. Comment. 20

8. (c) शिवाजी मात्र सैनिक विजेता ही नहीं थे, अपितु एक प्रबुद्ध शासक भी थे । विवेचना कीजिए ।

Shivaji was not merely a military conqueror but also was an enlightened ruler. Discuss. 15